# करौली में घुमंतू व अर्द्धघुमंतू समुदायों के विकास के लिए अभियान शुरु

■ जिला प्रशासन घुमंतू सहायता शिविरों को लेकर मिशन मोड़ पर

**करौली ।** समाज के हाशिए पर खड़े विमुक्त, घुमंतू व अर्द्धघुमंतू समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए करौली जिले में एक व्यापक अभियान का शंखनाद हो चुका है। एक्शनएड एसोसिएशन के आव्हान पर जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन और स्वयंसेवक एकजुट होकर उन लोगों की आवाज बन रहे हैं, जो दशकों से अपनी पहचान और सरकारी लाभों से वंचित रहे हैं। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के दिशा-निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे ये विशेष सहायता शिविर केवल सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि इन समुदायों के जीवन में परिवर्तन लाने वाला एक महायज्ञ साबित होने वाले हैं। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप, घुमंतू समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को ऑनलाइन पहचान प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की छतरी के नीचे लाया जाएगा।

करौली जिले में इस मुहिम को गति देते हुए 15 जनवरी से प्री-कैंप और 19 जनवरी से मुख्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक बबलू शर्मा ने बताया कि आज पंचायत समिति मासलपुर, श्रीमहावीरजी एवं मंडरायल में मैन केम्प आयोजित किए गए जिसमें विभिन्न प्रकार के 48 श्रीमहावीरजी 28 घुमंतू पहचान पत्र एवं मंडरायल में 108 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र और मूल निवास जैसे अनिवार्य दस्तावेज तैयार करना है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँच सके।

इस पुनीत कार्य में एक्शनएड एसोसिएशन करौली की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण नजर आ रही है। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा के नेतृत्व में कार्यकर्ता और स्वयंसेवक दुर्गम ढाणियों और बस्तियों तक पहुँच रहे हैं। दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया लंबे समय से "विमुक्त और घुमंतू जनजातियों के न्यायसंगत भविष्य की कार्यसूची" के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और भूमि अधिकारों के लिए संघर्षरत है। इसी कड़ी में, जिले के हिंडौनसिटी, सपोटरा, नादौती और टोडाभीम क्षेत्रों में सघन डोर-टू-डोर सर्वे कर उन लोगों को चिह्नित किया जा रहा है जिनका आज तक कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर जहाँ जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के मार्गदर्शन में पूरी मशीनरी सक्रिय है, वहीं सामाजिक धरातल पर डॉ. अम्बेडकर जन उत्थान समिति के समता ठ्रुप, जीएलोडीपी फैलो, एक्शन फोर एडवोकेसी विकास अनुसंधान संस्थान और माय भारत करौली के स्वयंसेवक कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।

## सार-समाचार

### 100 मीटर दौड़ में मनीषा ने बाजी मारी

**गंगापुर सिटी ।** अग्रवाल कन्या कॉलेज में इंटर कॉलेज सहशैक्षणिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक सप्ताह का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय सचिव बाबूलाल गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का समय छात्राओं के जीवन का महत्वपूर्ण चरण होता है, जहां शिक्षा के साथ-साथ साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। प्रिंसिपल डॉ. बृजेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्राएं अपने करियर में उच्च सफलता प्राप्त कर सकती हैं। इसके लिए सकारात्मक सोच और ऊर्जा का विकास आवश्यक है। सोमवार को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहेरू 100 मीटर दौड़ में मनीषा सैनी प्रथम और मौसम बाई द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में शिवानी प्रजापत ने पहला और सपना गुर्जर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तश्तरी थ्रो में हर्षिता मीणा प्रथम और निक्की कुमारी द्वितीय रहीं। गोला फेंक में नंदनी सोनी प्रथम और वर्षा चंदेल द्वितीय स्थान पर रहीं। भाला फेंक में हर्षिता मीणा ने प्रथम और शिवानी शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की टीम विजेता बनी। इन प्रतियोगिताओं के संयोजक उमाकांत शुक्ला और सह-संयोजक जीवन सिंह थे।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**डीग भरतपुर** (निस)। भरतपुर रोड पर एक बाइक और कंटेनर की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया है। मृतक के शव को डीग अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान दिदावली निवासी 28 वर्षीय बृजभूषण पुत्र निहाल सिंह के रूप में हुई है। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब बृजभूषण अपनी अपाचे बाइक से भरतपुर की ओर जा रहे थे। बिजली घर के पास उनकी बाइक को कंटेनर ने टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डीग अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और मृतक के परिजनों को सूचित किया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने शव की पहचान बृजभूषण के रूप में की। घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने नाकाबंदी कर मोढेरा पुलिस चौकी पर कंटेनर को रोक लिया। इसके बाद चालक को हिरासत में ले लिया गया और कंटेनर जब्त कर लिया गया। डीग कोतवाली के एएसआई पप्पू सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### चिकित्सा शिविर का आयोजन

**डीग भरतपुर** (निस)। डीग के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय जिला चिकित्सालय में सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रेफरल बच्चों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 168 बच्चों की जांच एवं उपचार किया गया, जबकि 2 बच्चों को उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर किया गया। शिविर में प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) जिला अस्पताल डीग डॉ. जितेंद्र फौजदार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमराज गुर्जर, फिजिशियन डॉ. गजेंद्र पाल सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नरेश यादव, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र चौधरी, नेत्र सहायक जयप्रकाश शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेश चंद्र लवानिया एवं डॉ. प्रगीत कुमार ने सेवाएं प्रदान कीं। अतिरिक्त मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ मानसिंह उप मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश मीणा ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव मित्तल ने शिविर की सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी का आभार जताया।शिविर में लेखाकार ब्रज बिहारी जादौन ,अंशु कुमारी, ज्योति उपमन,नीरज जैन एवं राज शर्मा ने सक्रिय योगदान दिया।

### विधानसभा बार प्रभारियों की नियुक्ति

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी भरतपुर को संगठनात्मक दृष्टि से सुदृढ करने हेतु जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के द्वारा विधानसभा बार प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि भरतपुर विधानसभा में गोविन्द चौधरी को प्रभारी एवं बबली नवीन दुबे को सहप्रभारी, डीग.कुम्हेर में लाखन पहलवान प्रभारी एवं नरेन्द्र सिंघल सहप्रभारी, नगर में मनीश शर्मा प्रभारी एवं जगमोहन खटाना सहप्रभारी, कामां में जगत सुन्दरावली प्रभारी एवं मंजीत गुलाटी सहप्रभारी, नदबई में श्याम सुन्दर गौड प्रभारी एवं सुन्दर सिंह सह प्रभारी, बयाना में बृजेश अठावाल प्रभारी एवं रामदयाल धाकड सहप्रभारी तथा वैर विधानसभा में गौरव सरपंच को प्रभारी एवं महावीर डागुर को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है।

### करणपुरधाम मासिक बस यात्रा 24 को

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बीजासनी देवी सेवा समिति के तत्वावधान में 24 जनवरी माह शुक्ल छठ शनिवार को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए मासिक बस यात्रा दोपहर 1 बजे मां गुमानो बिजासनी के सानिध्य में थोक फल सब्जी मंडी उदे मोड से प्रस्थान करेगी जो शाम 5:00 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष महेशचंद शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी व बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल चूड़ी वाले ने माता रानी के सभी भक्तों से बसयात्रा में ज्यादा से ज्यादा चल कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

### कृषि महाविद्यालय भुसावर में विद्यार्थियों को अलंकृत पौधों की ट्रेनिंग का प्रशिक्षण

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को अलंकृत पौधों की ट्रेनिंग एवं प्रूनिंग करना सिखाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि सही आकार देने हेतु की गयी कटाई-छंटाई पौधों की ट्रेनिंग कहलाती है, यह पौधों की प्रारंभिक अवस्था में की जाती है। यदि पौधों की उचित ट्रेनिंग नहीं की गई तो पौधा सुंदर व मजबूत आकार का नहीं बनता है। इसमें पौधों की शाखाएं सिकेटियर की सहायता से धीरे-धीरे हटाई जाती हैं।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में महाराणा प्रताप की 429वी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई उनकी मूर्ति पर नमन कर याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ दयाचंद पचौरी ने उनकी गाथाओं को याद कर बताया कि महाराणा प्रताप जी ने उदयपुर, मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे।उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया, अंततः अकबर महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहा। महाराणा प्रताप की नीतियां शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं।

# ढोला गायन ने बांधा सांस्कृतिक समां

■ खेड़ी हैवत में कल्पवृक्ष अमावस्या पर ऐतिहासिक मेला, कुश्ती दंगल का आयोजन

**हिंडौन सिटी ।** माह मास की अमावस्या के पावन अवसर पर कल्पवृक्ष मेले के उपलक्ष्य में दिनांक 18 जनवरी 2026 को खेड़ी हैवत गांव में भव्य एवं ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुश्ती दंगल, लोक-संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों एवं श्रद्धा-आस्था से परिपूर्ण आयोजनों ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया।

मेले के अगले दिन गुसाई बाबा मंदिर के पीछे स्थित पूर्व मोक्षधाम स्थल पर प्रसिद्ध लोक कलाकार हरिराम गुर्जर द्वारा पारंपरिक ढोला गायन का आयोजन किया गया। ढोला गायन में राजा नल के ढोले के साथ-साथ जाट समाज एवं सर्व समाज के महापुरुषों की प्रेरणादायक कथाओं का सजीव वर्णन किया गया। इन कथाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को संस्कार, सामाजिक एकता एवं इतिहास से जुड़ाव का संदेश दिया गया। इस आयोजन की एक विशेष झलक यह रही कि खेड़ी हैवत के युवाओं ने कार्यक्रम में पधारे बुजुर्गों का आदर-सत्कार कर सामाजिक संस्कारों की मिसाल पेश की। चौबीसा क्षेत्र के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पंच-पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ठाामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। गांव के सभी वर्गों की सहभागिता ने मेले को सर्व समाज का उत्सव बना दिया। ग्रामीणों की मान्यता के अनुसार खेडी हैवत स्थित कल्पवृक्ष के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। विश्वास है कि जो भी व्यक्ति इस पवित्र वृक्ष के नीचे बैठकर सच्चे मन से कामना करता है, प्रकृति उसकी मनोकामना पूर्ण करती है।

# बस स्टैंड पर भामाशाहों के सहयोग से नई बुकिंग विंडो शुरु

**हिंडौन सिटी।** रोडवेज बस स्टैंड पर तीन वर्षों से क्षितठास्त अवस्था में बंद पड़ी गंगापुर मार्ग की बुकिंग को भामाशाहों और दुकानदारों के जनसहयोग से पुनः शुरू कर दिया गया है। करीब 50 हजार रुपये की लागत से बुकिंग काउंटर का निर्माण एवं यात्रियों की सुविधा के लिए टीन शेड लगवाया गया।

सोमवार को यातायात प्रबंधक विष्णु सिसौदिया ने फीता काटकर नवीन बुकिंग का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक संचालन मोहम्मद तजमल, प्रेमसिंह बैनीवाल एवं पूरन शर्मा उपस्थित रहे। भामाशाहों द्वारा रोडवेज अधिकारियों का साफा-माला पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह का मंच संचालन प्रेमसिंह बैनीवाल ने किया। भामाशाह मदनमोहन, अरविंद पांडे और जयसिंह ने बताया कि बुकिंग बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए बस स्टैंड के आसपास के दुकानदारों एवं जनसहयोग से निर्माण कराया गया। गंगापुर बुकिंग पर कृष्ण कुमार शर्मा को बुकिंग प्रभारी नियुक्त किया गया है।

निर्माण कार्य में योगदान देने वाले भामाशाह मदनमोहन, जयसिंह, रामरूप, अरविंद पांडे और भोपाल धाकड़ का रोडवेज अधिकारियों ने साफा-माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में राजेश गुर्जर, जब्बार खान, हाकिम सिंह, अमृत गुर्जर, राहुल सांडिल्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व मूलचंद भारती एवं वासुदेव शर्मा द्वारा यात्रियों के बैठने के लिए बेंच लगवाई गई थी। प्रेमसिंह बेनीवाल ने बताया कि नई बुकिंग से अब गंगापुर के अलावा टोडाभीम, भूसावर, नादौती और भरतपुर मार्ग के यात्रियों को भी टिकट सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि भामाशाहों के सहयोग से बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा सकती हैं। वर्तमान में बस स्टैंड नगर परिषद की किराये की भूमि पर संचालित है, यदि प्रशासन भूमि उपलब्ध कराए तो आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण संभव हो।

## नाम बदलने पर गामीणों में आक्रोश

**नदबई भरतपुर** (निस)। केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय के विरोध में कांठोस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत ठाामीण क्षेत्र में बैठक एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ठाामीण, किसान, मजदूर एवं कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरारीलाल मीणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा ने की। कार्यक्रम में गिरीश जौहरी (सांसद प्रतिनिधि) प्रशांत उपाध्याय,प्रदेश सचिव,की विशेष उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि मुरारीलाल मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना गरीब, मजदूर और किसान की जीवनरेखा है।

## रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील

**गंगापुर सिटी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने श्स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइमश अभियान के तहत एक पोस्टर का विमोचन किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में बढ़ते मोबाइल और स्क्रीन के उपयोग को कम करना और उन्हें शारीरिक व मानसिक गतिविधियों से जोड़ना है। पोस्टर का विमोचन एबीवीपी के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह, प्रांत मंत्री सुवेंद्र सिंह और प्रांत उपाध्यक्ष धर्मवीर मीणा ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं में बढ़ते स्क्रीन एडिक्शन पर चिंता व्यक्त की और उनसे सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लगातार समय बिताने से युवाओं का शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन प्रभावित हो रहा है।

# केंद्र सरकार पर मनरेगा कमजोर करने का आरोप

■ मनरेगा जन आंदोलन संग्राम यात्रा के तहत डीग जिले की ग्रामीण चौपालों में कार्यक्रम

**डीग भरतपुर** (निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी डीग के अध्यक्ष राजीव सिंह के नेतृत्व में मनरेगा जन आन्दोलन संठााम यात्रा के अंतगग्त ग्रामीण चौपालों में ग्राम जोधेला, ठााम पंचायत महरावर और ग्राम भटपुरा तथा ग्राम पंचायत महरावर में आयोजित की गई एवं डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ठाामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को 2005 में लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था तब से अब तक मनरेगा के तहत 180करोड से अधिक कार्य दिवसों का सृजन हुआ है। ग्रामों के तालाबों और सडकों जैसी लगभग 10 करोड परिसम्पत्तियों का निर्णय हुआ है और ठााम पंचायतों को ग्राम स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज्य व्यवस्था को मजबूत किया गया है। कोविड-19 महामारी जैसे संकटों के दौरान ठाामीण भारतीय अर्थ व्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुआ है। मोदी सरकार मनरेगाकी आत्मा को मोदी सरकार 4 खतरनाक तरीकों से नष्ट करने की योजना बना रही है। काम करने का अधिकार छीनाजा रहाहै। मोदी सरकार इन बदलावों के बाद काम का अब यह अधिकार नहीं रहेगा।

# नई कार्यकारिणी घोषित

**गंगापुर सिटी ।** सर्व ब्राह्मण महासभा प्रदेश कार्यकारिणी की एक बैठक सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा की अध्यक्षता में राजस्थान सभागार जयपुर में संपन्न हुई। जिसमें सर्व ब्राह्मण महासभा प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें गंगापुर सिटी निवासी गोपाल शर्मा पार्थ एजेंसी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान एवं प्रदेश अध्यक्ष भरतपुर संभाग घोषित किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर शिवचरण अन्ना को नियुक्त किया गया। जिला संगठन महामंत्री पद पर युगल किशोर चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि नई कार्यकारिणी का गठन केवल पदों की घोषणा नहीं बल्कि संगठन की अनुशासित पारदर्शी और समाज देसी ढांचे में आगे ले जाने का संकल्प है। योजना के तहत भगवान परशुराम से जुड़े धार्मिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम संगठित रूप से आयोजित किए जाएंगे। संतों और धार्मिक संस्थाओं के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा और भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जयपुर में उनकी प्रतिमा स्थापना के लिए राजव्यापी जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही सेवा कार्य सम्मान कार्यक्रम सामूहिक और विधवा विवाह प्रोत्साहन सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन और सामाजिक से जुड़े अन्य विषयों पर संगठन की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में 31 जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई और प्रदेश के 6 कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए गए। सर्व ब्राह्मण महासभा के बाल कृष्णा शर्मा ने बताया कि गोपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष भरतपुर संभाग एवं शिवचरण अन्ना जिला अध्यक्ष गंगापुर सिटी एवं युगल किशोर चतुर्वेदी जिला संगठन महामंत्री नियुक्त होने पर ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर है। इनकी नियुक्त होने पर विप्र फाउंडेशन जॉन 1 प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर हेमंत कुमार शर्मा, डॉक्टर शैल शास्त्री, श्याम सेवा दिलीप तिवारी विष्णु गुरुजी शैलेंद्र शर्मा, मदन मोहन शर्मा, गोविंद पाराशर, राधा रमन शर्मा, देवेंद्र शर्मा, दुर्गेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, वीरू बजाज, गोपाल सरकंडी, सावित्री शर्मा,शारदा शर्मा ,ममता उपाध्याय,अर्चना शर्मा, आरती शर्मा ,पार्वती शर्मा ,बबली सपना शर्मा ,अंजली शर्मा ,राजेंद्र सहरिया, सुरेश चंद शर्मा ,देवेंद्र पाठक ,श्याम गनी ,महेश चंद शर्मा ,रमेश खादी ,सतीश चंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा ,रेणुका शर्मा ,अनीता व्यास ,अनीता शर्मा ,ममता अमर गढ़िया, डॉ निर्मल अमर गढ़िया और ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी जाहिर की।

# 22 सौ से अधिक युवाओं का क्यूआर कोड से पंजीयन

■ युवा संबल मेला 21 को, युवाओं के सपने होंगे साकार

**भरतपुर** (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 21 जनवरी को एमएसजे कॉलेज मैदान में आयोजित किया जा रहा युवा संबल मेला बनेगा युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा। पॉच हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में जॉब के अवसर मिलेंगे, अब तक ऑनलाईन 22 सौ से अधिक युवा क्यूआर कोड से करा चुके हैं पंजीयन।

अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा एवं शहर राहुल सैनी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में सभी विभागों को जिम्मेदारियां तय करते हुये तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन ने सभी विभागों को युवा संबल मेले की तैयारियों को पूरी करते हुये युवाओं को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी युवाओं को रोजगार के सपने साकार हों तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।

अतिरिक्त कलक्टर शहर ने कहा कि सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई व इंजीनियरिंग कॉलेज विद्यार्थियों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थाओं में युवाओं को भाग लेने के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले में प्रदेश के साथ देशभर के नियोक्ता आ रहे हैं जो स्किल्ड, सैमी स्किल्ड व अनस्किल्ड पदों के लिये चयन करेंगे। उन्होंने बताया कि भरतपुर के युवाओं के लिये यह सुनहरा अवसर है, इसमें प्रत्येक युवा को पंजीयन कराने पर पॉच साक्षात्कार कूपन दिये जायेंगे जिनमें अपनी पसंद के जॉब के लिये पॉच कम्पनियों में एक युवा को अवसर मिलेंगे। उप निदेशक, जिला रोजगार कार्यालय भरतपुर रघुवीर सिंह ने बताया कि 21 जनवरी बुधवार को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक भरतपुर जिला मुख्यालय पर महारानी जया महाविद्यालय के खेल मैदान में युवा संबल मेले का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस मेले में भरतपुर, नीमराणा, भिवाड़ी, कोटा, टपूकड़ा, खुशखेड़ा, शाहजहाँपुर, अलवर, गुरुठााम एवं नोएडा सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 40 कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनके द्वारा लगभग 80 प्रकार के पदों के लिए लगभग 5 हजार रिक्तियों पर पात्र बेरोजगार आशार्थियों का चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले बेरोजगार आशार्थियों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों के मध्य समन्वय स्थापित कर जिला प्रशासन, भरतपुर एवं रोजगार कार्यालय, भरतपुर द्वारा पात्रता के आधार पर अधिकतम युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा निकली

**गंगापुर सिटी ।** सोमवार को देवी भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा शहर के तहसील स्थित मां चक्रपाणि माता मंदिर से नहर रोड स्थित शिवम मैरिज होम तक बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। मां चक्रपाणि भक्त मंडल के देखरेख में आयोजित इस कथा के लिए मुख्य यजमान राम गोपाल गुप्ता टोकसी और मंडल के दर्जनों पदाधिकारी सहित सैकडों भक्त तहसील के मां चक्रपाणि माता मंदिर में एकत्रित हुए। गंगापुर शहर में पहली बार देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा से पूर्व, मंदिर में मां चक्रपाणि सहित सभी देवी-देवताओं और कलशों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कथावाचक आचार्य अशोक दीक्षित के सानिध्य में विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ यह पूजा संपन्न करवाई। इसके बाद बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा आरंभ हुई। कलश यात्रा में सबसे आगे मुख्य यजमान राम गोपाल गुप्ता टोकसी अपने सिर पर देवी भागवत की पोथी लिए चल रहे थे। उनके पीछे 551 कलश लिए महिलाएं मंगल गीत और भजन गाती हुई चल रही थीं। बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर उत्साहित पुरुष व महिलाएं नृत्य करते हुए भगवान के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में कथावाचक आचार्य अशोक दीक्षित एक रथ में सवार होकर चल रहे थे। यह कलश यात्रा तहसील के चक्रपाणि माता मंदिर से शुरू होकर फव्वारा चौक, पुरानी चुंगी, अग्रवाल नगर होते हुए खाटू श्याम जी मंदिर की परिक्रमा कर नहर रोड स्थित शिवम मैरिज होम पहुंची। कथा स्थल पर विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमान से एक बार फिर भागवत कथा पोथी की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। देवी भागवत महापुराण की कथा के प्रथम दिन कथावाचक आचार्य अशोक दीक्षित ने कथा का महत्व, श्रवण की महिमा और आदिशक्ति के स्वरूप का वर्णन किया। उन्होंने ऋषि वेदव्यास द्वारा देवी भागवत के प्राकट्य और इसके उद्देश्य का भी उल्लेख किया।

### कलक्टर को ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर** (निस)। बसंत पंचमी के दिन को जिला कलक्टर भरतपुर द्वारा किये गये सार्वजनिक अवकाश में संशोधन करवाने हेतु भरतपुर रेसला के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. कमर चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि 23. जनवरी को बसंत पंचमी के दिन ही मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के मार्गदर्शन में पूरे राजस्थान के सभी सरकारी विद्यालयों में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के दिशा निर्देशानुसार मेगा पीटीएम (पेरेंटस टीचर मीटिंग) के निर्देश दिये गये हैं। इसमें मेगा पीटीएम के साथ ही निपुण मेला व कृष्ण भोग का कार्यक्रम किया जाना है। साथ ही सरस्वती पूजन कार्यक्रम भी होना है। लेकिन अब स्कूलों के संस्था प्रधान व शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है क्योंकि 14 दिन पहले ही जिला कलक्टर के द्वारा बसंत पंचमी 23 जनवरी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया था। शिक्षकों के सामने परेशानी यह है कि अवकाश के दिन जिला कलक्टर के आदेश की पालना करायें या राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेश की पालना करायें। अतः राजस्थान शिक्षा प्राध्यापक संघ (रेसला) भरतपुर ने जिला कलक्टर को 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन किये गये सार्वजनिक अवकाश को किसी अन्य तिथि में रखने की मांग की है। जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि इसके लिए गणेश चतुर्थी 14.9.2026 जैसी अन्य उपयुक्त तिथियों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाये। ज्ञापन देने वालों में भरतपुर जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष किशन सिंह अम्बेश, ओमवीर सिंह, देवराज सिंह, प्रमोद लवानियां सहित कई रेसलियन साथी मौजूद रहे।

### कोहरे से ढका गंगापुर सिटी

**गंगापुर सिटी ।** गंगापुर शहर सहित आसपास के इलाकों में चार दिन बाद सोमवार को मौसम फिर बदल गया। सुबह शहर और ग्रामीण अंचल घने कोहरे की चपेट में रहे, जिससे दृश्यता कम हो गई। सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर बढ गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले चार दिनों तक धूप निकलने से अधिकतम तापमान बढा था, जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली थी। हालांकि रविवार से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे और सर्द हवाएं चलने लगी थीं। सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। ठंड के चलते बाजार देर से खुले और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी रही। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी से राजस्थान में एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में मावठ (बारिश) हो सकती है। मावठ के बाद सवाई माधोपुर जिले में एक बार फिर तेज सर्दी पड़ने की आशंका जताई गई है।

### कार्यकारिणी घोषित

**भरतपुर** (निस)। शहर कांग्रेस कमेटी भरतपुर ओबीसी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष रत्तीराम वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव एवं जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी की सहमति से कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन की मजबूती के लिए उक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीसिंह पटेल, उपाध्यक्ष गोपीसिंह, गणेश, नरेन्द्र सिंह चौधरी, महासचिव दुलीचंद सैन, संगठन सचिव कुन्दन सिंह, वासुदेव, कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह उर्फ नेकराम, सचिव विक्की, प्रेमसिंह कुशवाह, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायन सैन को नियुक्त किया गया है।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार



सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

65 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 313 कुल भूखण्ड | 304 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | आबू रोड़ | 03 | चूरू | 33 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 38 | अजमेर | 08 | बीकानेर | 07 | पाली | 03 | जयपुर (दक्षिण) |
| 05 | अलवर | 14 | श्रीगंगानगर | 24 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 08 | भिवाड़ी-I | 16 | किशनगढ़ | 01 | जालोर | 25 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 19 | भिवाड़ी-II | 13 | भीलवाड़ा | 13 | राजसमंद | 02 | जोधपुर |
| 07 | बोरानाडा | 01 | जयपुर (ग्रामीण) | 20 | कोटा | 03 | सवाईमाधोपुर |
| 05 | घिलोठ | 01 | सीकर | 03 | नीमराना | | |

राज.संवाद/सी/25/17913

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in